जयपुर रग्स ने घोषित किए जयपुर रग्स पैविलियन डिजाइन एंड बिल्ड प्रतियोगिता के विजेता

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख हस्तनिर्मित कालीन कंपनी जयपुर रग्स ने आर्कडाइस के साथ साझेदारी में आयोजित जयपुर रग्स पैविलियन डिजाइन एंड बिल्ड प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की है। जिसमें कई देशों से 1300 से अधिक डिजाइनरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जयपुर रग्स की आत्मा को अपने अभिनव दृष्टिकोण से पुनःपरिभाषित किया प्रत्येक प्रस्तुति में शिल्पकला, साहस और भावनाओं की बुनावट को रचनात्मक रूप दिया। देश के विभिन्न क्षेत्रों दिल्ली, केरल, मध्य प्रदेश, एनार्कुलम, गोवा, तमिलनाडु और चेन्नई से आए डिजाइनरों ने अपनी विशिष्ट कलात्मक दृष्टि प्रस्तुत की।विजेताओं मे प्रथम पुरस्कारः ऋषभ डे एवं संस्कृति अग्रवाल बेंगलुरु, द्वितीय पुरस्कार ध्रुव सोनी एवं धानव तंडन मुंबई और तृतीय पुरस्कार टैन्जिबल इंटैन्जिबल डिजाइन ऑफिस एवं हिमांशु चोपड़ा नई दिल्ली प्राप्त हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को विश्वभर से उत्साहपूर्ण भागीदारी प्राप्त हुई, जिसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, नेपाल, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, कुवैत, मोरक्को, ओमान, सऊदी अरब, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड सहित अनेक देशों के डिजाइनरों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। जयपुर रग्स की निदेशक रुत्वी चौधरी ने कहा जयपुर रग्स पैविलियन डिजाइन एंड बिल्ड प्रतियोगिता केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो कारीगरों और डिजाइनरों के बीच संवाद स्थापित करता है।